स्पीड–पोस्ट
दूरभाष : 2720712
फैक्स : 2720865

अभियोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश,

लक्ष्मी काम्पलेक्स, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांकः एक–दो–136–2009 / 6819 /09 लखनऊ दिनांकः 5 नवम्बर, 2009

श्री विनोद कुमार,
पुत्र श्री कंचन, 247ए/6ए/7पी
ओम गायत्री नगर, तेलियर गंज,
जनपद इलाहाबाद–211004

अद्योहस्ताक्षरी को यह कहने का निर्देश हुआ है कि उत्तर प्रदेश शासन के गृह (पुलिस) अनुभाग–9 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–2809/छ–पु0–9–31(55)/2009 दिनांकित–30 अक्तूबर, 2009 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा आपको सहायक अभियोजन अधिकारी (पुराना वेतनमान रू0 6500–200–10500 नया वेतनमान पे बैण्ड 9300–34800 ग्रेड पे 4200) में अस्थायी रूप से नियुक्ति प्रदान की गई है।

2– आपको डा0 भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण–पत्रों के साथ दिनांक–23 नवम्बर, 2009 को पूर्वान्ह में अवश्य कार्यभार ग्रहण करना है। यदि निर्धारित अवधि तक आप कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं और न ही आपसे समय बढ़ाने के लिए ठोस कारण दर्शाते हुए कोई प्रार्थना–पत्र उस अवधि के अन्दर प्राप्त होता है तो उक्त तिथि के बाद से आपका अभ्यर्थन स्वंयमेव समाप्त हो जायेगा।

3– डा0 भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में प्रशिक्षण हेतु कार्यभार ग्रहण करने हेतु आपको कोई यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

4– आपको वेतन के अतिरिक्त शासन द्वारा अनुमन्य भत्ता मंहगाई व भत्ता व समय–समय पर स्वीकृत अन्य भत्ते देय होगें।

5– कार्यभार ग्रहण करते समय आपको निम्न प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने होगें–

(1) ओथ आफ एलिजियन्स संबंधी प्रमाण–पत्र।
(2) गोपनीयता संबधी प्रमाण–पत्र।
(3) चल,अचल सम्पत्ति का प्रमाण–पत्र।
(4) विवाहित होने की दशा में एक पत्नी/पति होने का प्रमाण–पत्र।
(5) दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र।

क्रमांक–1 से लेकर क्रमांक–4 तक के प्रमाण पत्रों के प्रारूप आपको कार्यभार ग्रहण करते समय उपरोक्त अकादमी में ही उपलब्ध करा दिए जाएंगें। क्रमांक–5 पर अंकित प्रमाण–पत्रों को आप स्वंय बनवाकर लाएं।

6– दिनांक–23 नवम्बर, 2009 से डा0 भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में आपका 6 माह का आधारभूत प्रशिक्षण प्रारम्भ होगा, जिसके लिए आपको निम्नलिखित सामग्री व धनराशि स्वंय के व्यय के अतिरिक्त साथ लेकर जाना होगा–

1–मैस एडवान्स के रूप में अग्रिम धनराशि 5000/–रूपया
2–वर्दी एवं अन्य के रूप में अग्रिम धनराशि 4000/–रूपया
3–शरद ऋतु के अनुसार बेडशीट, तकिया, गद्दा कम्बल, रजाई, मच्छरदानी एवं पहनने के कपड़े साथ लेकर आयें।

(एस0 एन0 चक)
महानिदेशक अभियोजन,
उ0प्र0, लखनऊ ।

......2/